मार्गदर्शन | नियमित काउंसलिंग से विद्यार्थी बना रहे बेहतर भविष्य

# कैरियर मार्गदर्शन से छात्रों को मिल रही नई दिशा

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय होम साइंस कॉलेज में छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग की बेहतर व्यवस्था की गई है। कॉलेज में समय-समय पर करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिनमें विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी जाती है। इससे छात्राएं अपने भविष्य को लेकर सही दिशा में निर्णय ले पा रही हैं।

### शैक्षणिक सुविधाओं के साथ कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध

कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। कंप्यूटर लैब सहित अन्य मूलभूत संसाधनों का लाभ छात्राओं को नियमित रूप से मिल रहा है। हालांकि, वर्तमान समय की मांग के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ङ्ख), डिजिटल स्किल्स और आधुनिक टेक्नोलॉजी से जुड़े विशेष कोर्स अभी कॉलेज में शुरू नहीं हो सके हैं। ऐसे कोर्स शुरू होने से छात्राओं को बदलते रोजगार



फाइल फोटो

बाजार के अनुरूप और अधिक अवसर मिल सकते हैं।

### युवाओं के लिए प्रेरक संदेश

प्राचार्य ने युवाओं से अपील की कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, नई चीजें सीखने की आदत विकसित करें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। निरंतर सीखने और मेहनत करने से ही बेहतर करियर और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है।

### समय की कीमत समझें, सफलता जरूर मिलेगी

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल का कहना है कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता केवल संसाधनों पर नहीं, बल्कि उसकी मेहनत, अनुशासन और समय के सदुपयोग पर निर्भर करती है। यदि छात्र-छात्राएं नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहें, समय का सही उपयोग करें और पढ़ाई को गंभीरता से लें, तो उन्हें अपने करियर में सफलता अवश्य मिलेगी।

### इनका कहना है



कॉलेज में हमें समय-समय पर करियर काउंसलिंग मिलती है, जिससे आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में सही जानकारी मिलती है। कंप्यूटर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। अगर डिजिटल स्किल्स से जुड़े कोर्स भी शुरू हो जाएं तो छात्रों को और अधिक फायदा मिलेगा।

**मानसी बर्मन, छात्रा**



यहां शिक्षकों का मार्गदर्शन अच्छा मिलता है और करियर को लेकर हमारी कई शंकाओं का समाधान होता है। कॉलेज का माहौल पढ़ाई के लिए बेहतर है।

**राधा शुक्ला, छात्रा**



## महिला पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र लूटा

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत केवलारी पुल के पास बाइक सवार लुटेरों ने एक महिला पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र लूट लिया ।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार को राजकुमारी पटेल 56 वर्ष निवासी बिलपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति मुन्नालाल पटेल के साथ जुपिटर क्रमांक एमपी 20 एस एक्स 9266 से अपने घर बिलपुरा से रिश्तेदारी में पनागर जा रहे थे जैसे ही हम लोग केवलारी पुल के पास पहुँचे तभी स्पेलेण्डर मोटर सायकल पर 2 व्यक्ति मुंह बांधे हुये उसके साईड से निकले, मोटर सायकल में पीछे बैठा व्यक्ति जो पीले रंग की टीशर्ट पहने था झपटा मार कर उसके गले से सोने का मंगलसूत्र जिसमें सोने का लॉकेट एवं सोने 4 फलिया छीन कर भाग गये आधा मंगलसूत्र टूटकर उसके पास रह गया।

# इलाज में लापरवाही का आरोप, परिजनों का हंगामा

**परिजनों का दावा सामान्य हालत में लाए मरीज को कार्डियक अरेस्ट बताकर वेंटिलेटर पर रखा**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर अस्पताल में भर्ती मरीज की स्थिति को लेकर मंगलवार की देररात तकरीबन साढ़े दस बजे परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि वे मरीज को सामान्य हालत में अस्पताल लेकर आए थे, लेकिन कुछ समय बाद उन्हें बताया गया कि मरीज को कार्डियक अरेस्ट आया है और उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया है।



परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि आईसीयू के भीतर नर्सिंग स्टाफ मोबाइल फोन का उपयोग करता दिखाई दिया। उनका सवाल है कि यदि मरीज आईसीयू में चिकित्सकीय निगरानी में था, तो उसे कार्डियक अरेस्ट कैसे आया। घटना को लेकर परिजनों ने अस्पताल परिसर में नाराजगी जताई और जवाब मांगा।

वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज का उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में जारी है। प्रबंधन के अनुसार मरीज की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। समाचार लिखे जाने तक विवाद की स्थिति निर्मित रही अस्पताल प्रबंधन परिजनों को समझाइश देता रहा।

## सेना के जवान पर किया हमला, प्रकरण दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** गोराबाजार थाना क्षेत्र में सेना में कार्यरत एक जवान पर मकान मालिक ने अपने साथी के साथ हमला कर दिया। नशे में धुत होकर जान से मारपीट की धमकी दी। सेना जवान की पत्नी से भी अभद्रता की । पुलिस ने रिपोर्ट परआरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शशिकांत सिंह सीएमएम आर्मी में मैसेंजर के पद पर तैनात हैं। वह गोराबाजार क्षेत्र में राजेश सिंह के मकान में किराए पर अपनी पत्नी आकांक्षा सिंह और दो बच्चों के साथ रहते हैं। बीती रात करीब 10 बजे मकान मालिक राजेश सिंह अत्यधिक शराब के नशे में आया और उसने दुर्भावनापूर्वक शशिकांत के हिस्से की बिजली बंद कर दी। अंधेरा होने पर जब जवान की पत्नी आकांक्षा सिंह ने बाहर जाकर शालीनता से कहा, अंकल, लाइट चालू कर दीजिए, तो मकान मालिक राजेश सिंह अपना आपा खो बैठा। वह घर से बाहर निकल आया और सरेआम अभद्रता करने लगा । पत्नी के साथ हो रही अभद्रता को सुनकर जब सेना के जवान शशिकांत सिंह नीचे उतरे और उन्होंने मकान मालिक को तमीज से बात करने की नसीहत दी, तो विवाद और बढ़ गया।

### एक नजर में

## एटीएम कक्ष में घुसा सांप, मचा हड़कंप

**नवभारत,जबलपुर।** संजीवनी नगर प्रवेश द्वार क्रमांक 02 के सामने स्थित एस बी आई के एटीएमके कक्ष में दोपहर तीन बजे एक सवा फीट लंबा सांप प्रवेश कर गया। जिसके कारण वहां अफरातफरी मच गई। सुरक्षा कर्मी नरेन्द्र केवट ने उपभोक्ताओं को एटीएम के भीतर प्रवेश करने से रोक दिया। और सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर प्राकृतिक रहवास देवताल तालाब में छोड़ दिया। दुबे के अनुसार पकड़ा गया सांप पन्हियल प्रजाति का है। ये जहरीला नहीं होता है, लेकिन गुस्सैल और आक्रामक होता है। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

## साहब ..मेरे बेटे की हत्या हुई है

**नवभारत, जबलपुर।** बेलखेड़ा अंतर्गत आने वाले बरबटी ब्रह्मकुंड में 27 जून को बलराम मल्लाह की संदिग्ध मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मृतक के पिता खेलन मल्लाह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या हुई है। मामले को आत्महत्या का रूप सोची-समझी साजिश के तहत दिया जा रहा है। वे पिछले 6 महीनों से न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। बेलखेड़ा थाना और एसडीओपी पाटन कार्यालय के चक्कर काट चुके है। शिकायत पत्र में मुन्ना मल्लाह, भारत मल्लाह, ईश्वर मल्लाह और सम्पत मल्लाह सहित कुछ अन्य लोगों पर हत्या में शामिल होने की आशंका जताई गई है। पीड़ित परिवार ने एसपी से मामले में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।


## मकान तोड़ने का विरोध किया तो हमले की कोशिश



**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत संजय नगर में बदमाशों ने एक मकान को तोड़ने का प्रयास किया जब परिवार ने विरोध दर्ज कराया तो उन पर हमले की कोशिश की गई। पड़िता ने संध्या राजपूत ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर बताया कि कन्हैया राजपूत, विष्णु राजपूत केतन राजपूत व एक अन्य द्वारा 12 जुलाई को उसके मकान को तोड़ने लगे। जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें मारपीट की धमकी दी। पति और बेटे पर हमला करने की कोशिश की।

# देर रात घर पर बदमाशों ने फेंका बम

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत पटेल नगर में देर रात अज्ञात बदमाशों द्वारा एक घर को निशाना बनाकर बम फेंक दिया। धमाका इतना जोरदार था कि घर का मुख्य दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया और पूरे इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि पीड़ित उस वक्त घर के अंदर सो रहे थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक, पटेल नगर निवासी अरविंद वर्मा (52), बीती रात वह अपने घर में सो रहे थे। रात करीब 12:15 बजे अचानक एक बेहद तेज धमाके की आवाज हुई। आवाज इतनी भयानक थी कि उनकी नींद खुल गई और वे तुरंत बाहर की तरफ भागे। जब अरविंद घर से बाहर निकले, तो वहां मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो चुके थे।

प्रत्यक्षदर्शियों और पड़ोसियों ने बताया कि दो अज्ञात लड़के वहां आए थे। अरविंद के घर की बाउंड्री वॉल छोटी होने का फायदा उठाकर, बदमाशों ने बाहर से खतरनाक विस्फोटक सीधे मुख्य दरवाजे पर फेंक मारी और मौके से फरार हो गए। इस हमले में दरवाजा बुरी तरह टूट गया है। पीड़ित ने बताया कि यदि वे उस समय आंगन या घर के बाहर होते, तो उन्हें गंभीर चोट आ सकती थी।

# थाने के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा

**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत घंटाघर चौक पर क अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़े एक ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा बीच सड़क पर पलट गया, जिससे उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद कार चालक ने मौके से भागने का प्रयास किया, जिस दौरान उसने वहां खड़ी एक अन्य गाड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार, ई-रिक्शा चालक ओमती थाने के ठीक सामने घंटाघर के पास अपने वाहन के साथ खड़ा हुआ था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। टक्कर लगने के कारण ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया।

इस हादसे में ई-रिक्शा चालक के शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को तुरंत विक्टोरिया अस्पताल रवाना किया गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक ने रुकने के बजाय मौके से भागने का प्रयास किया। हड़बड़ाहट में उसने वहां खड़ी एक अन्य गाड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# दबंगों ने परिवार पर किया हमला, पुलिस ने थमाई एनसीआर

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत अमाहिनोता में दबंगों द्वारा घर में घुसकर न सिर्फ युवक को लोहे की रॉड से पीटा, बल्कि बीच-बचाव करने आई उसकी मां के बाल पकड़कर घसीटा। इसके अलावा पीड़िता के पति को भी रास्ते में रोककर दबंगों ने किया। भेड़ाघाट पुलिस ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने के बजाय पीड़ितों को मह एनसीआरथमाकर टरका दिया। पुलिस की इस कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष हाजिर होकर न्याय की गुहार लगाई है।



पीड़िता सीमा पटेल पति अशोक पटेल ने बताया कि बीती 12 जुलाई की रात करीब 9 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थी। उसका बेटा सोनू पटेल घर के भीतर ही वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दबंग सोनी पटेल, राजा पटेल और रोहित पटेल हाथों में लोहे की रॉड, कुल्हाड़ी और लाठियां लेकर जबरन घर में घुस आए।

सोनू पर रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। बेटे को लहूलुहान देख जब मां सीमा पटेल उसे बचाने दौड़ी, तो दबंगों ने महिला के बाल पकड़े, उसे जमीन पर घसीट-घसीटकर पीटा। वारदात के तुरंत बाद वे रात 9 बजे ही घायल अवस्था में भेड़ाघाट थाना पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया। एनसीआर देकर जाने बोल दिया। पुलिस की ढिलाई से बेखौफ आरोपियों ने अगले ही दिन 13 जुलाई की सुबह पीड़िता के पति अशोक कुमार पटेल रोक लिया। कुल्हाड़ी और लाठियों से अशोक पटेल पर हमला कर दिया। पीड़ित परिवार ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# आरपीएफ ने लौटाया यात्री का ट्रेन में छूटा मोबाइल

**जबलपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन अमानत के तहत एक यात्री का ट्रेन में छूटा महंगा मोबाइल खोजकर उसे सुरक्षित वापस सौंपा गया। मंगलवार 14 जुलाई को रेल मदद 139 के माध्यम से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12190 महाकौशल एक्सप्रेस के बी-2 कोच की बर्थ संख्या 37 पर एक यात्री का वन प्लस सीई2 मोबाइल छूट गया है। सूचना मिलते ही जबलपुर स्टेशन पर आरपीएफ स्टाफ ने संबंधित कोच की तलाशी लेकर मोबाइल बरामद किया और उसे पोस्ट पर सुरक्षित रख लिया।

### भूल गए थे मोबाइल

शाम करीब 6 बजे यात्री प्रतीक यादव निवासी मंडला आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे निजामुद्दीन से जबलपुर तक यात्रा के दौरान अपना मोबाइल तकिए के नीचे भूल गए थे। यात्री द्वारा यात्रा टिकट और आधार कार्ड प्रस्तुत करने पर उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार ने पहचान का सत्यापन किया। इसके बाद लगभग 25 हजार रुपये कीमत का वन प्लस मोबाइल सुपुर्दगीनामा की कार्रवाई पूरी कर सही-सलामत यात्री को सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर यात्री ने




आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई और ईमानदारी की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महिला मजदूर से छेड़खानी कर धमकाने वाले को एक साल की सजा

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने महिला मजदूर से छेडखानी कर धमकाने वाले आरोपी होरी लाल कोल उर्फ संजू कोल को एक साल का सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।



अभियोजन पक्ष की ओर से एडीपीओं रागिनी जैन ने अदालत को बताया कि फरियादिया 12 मई 2020 की सुबह मनरेगा योजना के तहत काम करने गई थी। शाम को जब वह वापस लौट रहीं थी, उसी समय उसके गांव के रहने वाले आरोपी होरी लाल उर्फ संजू कोल ने उसे अकेले में रोक लिया और उसका हाथ पकडक़र खींचकर जबरन बात करने का दवाब बनाने लगा। महिला किसी तरह बचते बचाते हुए अपने घर पहुंची और अपनी आपबीती पति को बतायी। उसके दूसरे दिन आरोपी ने फिर वहीं हरकत करते हुए धमकाया, जब वहां मौजूद ठेकेदार ने विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ गालीगलौज की। जिसकें बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत पनागर थाने में दर्ज करायी।

# किशोर की संदिग्ध मौत, कार्रवाई की मांग को लेकर घेरा थाना

**22 दिन से लापता बालक की लाश जंगल में मिलने का मामला, हत्या की आशंका**

**नवभारत, जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत महगवां से 22 दिनों से लापता एक 17 वर्षीय किशोर का शव 30 जून को डुमना के जंगलों में फांसी पर लटका मिला था। डीकंपोज लाश मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। इस मामले में को लेकर परिजनों के साथ छात्र




संगठन ने मंगलवार का थाने का घेराव किया और हत्या की आशंका जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की। विदित हो कि महगवां निवासी नितिन बैगा (17) पिता राजकुमार बैगा, 8 जून को अपने घर से निकला था और वापस नहीं लौटा था। 9 जून को खमरिया थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज हुई थी। 30 जून को डुमना स्थित महगवां खाटू श्याम मंदिर के पीछे जंगल में उसका शव फांसी पर लटका मिला था। शव की स्थिति इतनी भयावह थी कि उसका निचला हिस्सा धड़ से अलग होकर नीचे गिर गया था। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राहिल पाण्डेय ने हत्या की आशंका जाहिर की। उनका कहना है कि पुलिस के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई अब तक किसी प्रकार की जांच नहीं हुई है । उन्होंने चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो मृतक के परिजन एवं छात्र संगठन मिलकर आंदोलन करेंगे।

अराजकता | अवैध मेट्रो बस स्टैंड से रेल यात्री परेशान

# स्टेशन परिसर में फिर पसरा अराजकता का आलम

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह के परिसर में मेट्रो बस चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। कार्रवाई और चेतावनी के बावजूद बस चालक स्टेशन के प्रवेश द्वार और आसपास के हिस्से को ही अवैध मेट्रो बस स्टैंड बनाकर सवारियां भर रहे हैं।





इससे स्टेशन परिसर में दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है और रेल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग यात्रियों की आवाजाही और सुरक्षा दोनों पर असर डालते हैं। हालात यह हैं कि बसों के बेतरतीब खड़े रहने से निजी वाहन, ऑटो और यात्रियों का आवागमन बाधित हो रहा है। बुजुर्ग, महिलाएं और भारी सामान लेकर आने-जाने वाले यात्रियों को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही है। कई बार स्टेशन के बाहर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था भी चरमरा जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग समय-समय पर कार्रवाई तो करता है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।

### नहीं खत्म हो रही है परेशानी

रेल यात्रियों और नागरिकों ने रेलवे प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और नगर प्रशासन से संयुक्त रूप से स्थायी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि स्टेशन परिसर को अवैध बस स्टैंड बनने से रोकने के लिए नियमित निगरानी, चालानी कार्रवाई और निर्धारित स्थान पर ही बसों के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जब तक सख्ती के साथ नियमों का पालन नहीं कराया जाएगा, तब तक स्टेशन परिसर की अव्यवस्था और यात्रियों की परेशानी खत्म होना मुश्किल है।

# बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति नहीं बने : निगमायुक्त



**जबलपुर।** वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सड़कों के गड्ढों और मरम्मत कार्य को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। शहर की ड्रेनेज और सीवरेज व्यवस्था को और अधिक बेहतर हो ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति न बने। यह बातें निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहीं। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने मानसून और आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण विभागों की समीक्षा की और दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में निगमायुक्त ने बताया कि जल आपूर्ति और पार्कों के रखरखाव को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को सजग रहने और व्यवस्थाओं को चाक-चैबंद रखने के निर्देश दिये। प्रशासन को नागरिकों के प्रति जवाबदेह बनाने की दिशा में निगमायुक्त ने दोट़ूक शब्दों में कहा कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आने वाली शिकायतों का केवल औपचारिक निराकरण नहीं, बल्कि नागरिकों की पूर्ण संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को सभी बहुमंजिला अपार्टमेंटों में जाकर सघन जांच करने के निर्देश दिए, ताकि बीमारी फैलाने वाले कारकों को समय रहते नष्ट किया जा सके।